## श्री गोपाल मीणा, आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा की अध्यक्षता में दिनांक–09.10.2024 को अप0–12:30 बजे से विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नीलाम पत्र वादों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति–पंजी के अनुसार।

# कार्यवाही

मुख्य सचिव, बिहार, पटना अध्यक्षता में दिनांक–25.09.2024 को सम्पन्न बैठक में दिये गए निदेश जो ज्ञापांक–1481 दिनांक– 27.09.2024 के माध्यम से संसूचित है, के अनुपालन में आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा द्वारा नीलाम पत्र वादों की समीक्षात्मक बैठक किया गया। सर्वप्रथम विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सारण प्रमंडल के अन्तर्गत सभी समाहर्त्ता, सभी अपर समाहर्त्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कई वर्षों से नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में रूचि नहीं ली जा रही है एवं नियमित रूप से सुनवाई नहीं की जा रही है, जिसके कारण **सारण प्रमंडल में 77910 से भी ज्यादा मामलें लंबित है।** नीलाम पत्र वादों में ज्यादा से ज्यादा मामलों की सुनवाई Mission Mode में कर निष्पादन किये जाने की आवश्यकता है। इस हेतु सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को गंभीरता के साथ विशेष ध्यान देकर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। नीलाम पत्र वादों की अद्यतन प्रगति की जिलावार समीक्षा की गई एवं समीक्षोपरान्त आवश्यक निदेश दिए गए जो निम्न प्रकार है :–

**1. नीलाम पत्र वादों की अद्यतन प्रगति से सम्बन्धित :–**

**राजस्व पषद्, बिहार दिनांक 24.09.2024 को समर्पित विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर:–**

| S.No | Division | District | Total No of Certificate Courts in the District | Total Certificate Cases Pending as on 01.04.24 (in abosolute numbers) | Total money involved in Cases pending as in col. 5 ( in Rs. Lakhs) | Total Certificate Cases disposed of from 01.04.24 to 31.08.24 | Total money recovered during the period 01.04.24 to 31.08.24 | Total number of certificate case pending as on 01.09.24 | Total Body warrants Pending as on 01.09.24 | Total Distress Warrants pending as on 01.09.24 | Oldest Certificate case pending in the District (Month/yr) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9=(5-7) | 10 | 11 | 12 |
| 1 | saran | Saran | 37 | 38038 | 49345.57 | 293 | 396.36 | 37,745 | 140 | 251 | 9/1976 |
| 2 | | Siwan | 82 | 17251 | 18801.83 | 697 | 1369.90 | 16554 | 447 | 0 | 1968-69 |
| 3 | | Gopalganj | 21 | 23321 | 37599.7876 | 401 | 680.25 | 22920 | 455 | 1 | 02/2012 |
| Total | | | 140 | 78610 | 105747.1876 | 1391 | 2446.51 | 77,219 | 1042 | 252 | |

| Comparative Analysis of Certificate Cases (as on 01.10.2024) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sr. No | Parameters | Districts | | | | | | |
| | | Saran | | Siwan | | Gopalganj | | Total |
| | | Data | % of Div | Data | % of Div | Data | % of Div | |
| 1 | Total certificate courts | 37 | 38.54% | 38 | 40% | 21 | 22% | 96 |
| 2 | Total cases pending | 37731 | 48.43% | 17259 | 22% | 22920 | 29% | 77910 |
| 3 | Total certificate cases disposed | 307 | 20.83% | 766 | 52% | 401 | 27% | 1474 |
| 4 | Total Money involved in ( lakhs) | 48919.39 | 44.34% | 24486.98 | 22% | 36919.54 | 33% | 110325.91 |
| 5 | Total money recovered in (lakh) | 426.18 | 16.75% | 1438.59 | 57% | 680.25 | 27% | 2545.02 |
| 6 | Total Body warrants Pending | 191 | 21.13% | 447 | 49% | 266 | 29% | 904 |
| 7 | Total distress warrants Pending | 333 | 98.23% | 5 | 1% | 1 | 0% | 339 |

**(i) डाटा की तारत्म्यताः–** समीक्षा के क्रम में सारण प्रमंडल, छपरा के जिलों से नीलाम पत्र वादों का तुलनात्मक विवरणी निम्न प्रकार हैः–

- दिनांक 24.09.2024 तक समर्पित प्रतिवेदन में सारण जिला में 38038, सिवान 17251 एवं गोपालगंज 23321 लम्बित मामलें दिखायें गये जबकि दिनांक 09.10.2024 को समीक्षा के क्रम में गूगलशीट पर सारण जिले का 37731, सिवान 17259 एवं गोपालगंज का 22920 लम्बित मामलें प्रदर्शित किये गये है।

- इसी प्रकार दिनांक 24.09.2024 को समर्पित प्रतिवेदन में वसूलनीय राशि सारण में– 49345.57, सिवान में– 18801.83 एवं गोपालगंज में– 37599.7876 दर्शाया गया है। जबकि दिनांक 09.10.2024 के प्रतिवेदन में लम्बित राशि सारण में– 48919.39, सिवान में– 24486.98 एवं गोपालगंज में– 36919.54 प्रदर्शित किया गया है। जो अपने–आप में विरोधाभाष हैं।
- सभी जिलों को निदेश दिया गया कि नीलाम पत्र से संबंधित लम्बित मामले एवं वसूलनीय राशि का अनुश्रवण कर संशोधित सही प्रतिवेदन **दिनांक 17.10.2024 तक अनिवार्य रूप से गूगलशीट पर इन्द्राज करा दें**। प्रतिवेदन सुधारने का यह अंतिम अवसर दिया जाता है। नीलाम पत्र की अगली बैठक में यदि प्रतिवेदन में विरोधाभाष पाया जाता है तो इसे गंभीरता से लिया जायेगा।

**(ii) जिलावार तुलनात्मक विश्लेषणः–**

- सारण जिले में प्रमंडल के लगभग 49 % लम्बित वाद है, लेकिन निष्पादन मात्र लगभग 21 % हैं, इसमें बहुत अंतर है। इन लम्बित वादों में सन्निहित राशि भी प्रमंडल की लगभग 45 % हैं, लेकिन वसूली मात्र लगभग 17 % है, जो सबसे खराब स्थिति को दर्शाता है।
- प्रमण्डल स्तर पर **सापक्ष रूप से सबसे अच्छी स्थिति सीवान जिला की है**। सीवान जिला को छोड़कर अन्य जिलों में वसूली अत्यंत ही कम है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है।

**(iii) सबसे ज्यादा राशि वाले नीलाम पत्र वादों की विवरणी :–**

| सबसे ज्यादा राशि वाले वादों की नीलम पत्र वादों की विवरणी की स्थिति :- | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | जिला का नाम | जिले में कुल लंबित वाद | 50 लाख से अधिक सन्निहित राशि वाले वादों की विवरणी | | | 10 लाख से 50 लाख तक सन्निहित राशि वाले वादों की विवरणी | | | 01 लाख से 10 लाख तक सन्निहित राशि वाले वादों की विवरणी | | | 01 लाख से कम (शेष) सन्निहित राशि वाले वादों की विवरणी | | |
| | | | वादों की सं0 | सन्निहित राशि | जिले में लंबित कुल वादों का प्रतिशत | वादों की सं0 | सन्निहित राशि | जिले में लंबित कुल वादों का प्रतिशत | वादों की सं0 | सन्निहित राशि | जिले में लंबित कुल वादों का प्रतिशत | वादों की सं0 | सन्निहित राशि | जिले में लंबित कुल वादों का प्रतिशत |
| 1 | **सारण** | 37731 | 30 | | 0.08% | 354 | | 0.94% | 19115 | | 50.66% | 18232 | | 48.32% |
| 2 | **सीवान** | 17259 | 11 | | 0.06% | 20 | | 0.12% | 17228 | | 99.82% | 0 | | 0.00% |
| 3 | **गोपालगंज** | 22920 | 7 | | 0.03% | 132 | | 0.58% | 8999 | | 39.26% | 13782 | | 60.13% |
| **कुल** | | 77910 | 48 | | 0.06% | 506 | | 0.65% | 45342 | | 58.20% | 32014 | | 41.09% |

| कुल वादों के अनुपात में 10 लाख से ऊपर वाले वादों का प्रतिशत | | | |
|---|---|---|---|
| जिला | कुल वाद | 10 लाख से ऊपर वाले वादों की संख्या | कुल वादों का प्रतिशत |
| सारण | 37731 | 384 | 1.02% |
| सीवान | 17259 | 31 | 0.18% |
| गोपालगंज | 22920 | 139 | 0.61% |
| **प्रमंडल का कुल** | **77910** | **554** | **0.71%** |

- सारण प्रमंडल में 50 लाख अधिक राशि वाले मामलें मात्र 48 (0.06 %) है, एवं 10 लाख अधिक राशि वाले मात्र 506 (0.65 %) है।
- 10 लाख से अधिक सन्निहित राशि के कुल मामले मात्र 554 (0.71 %) है। अतः इन मामलों की सुनवाई त्वरित गति से किया जाना चाहिए एवं वरीय पदाधिकारियों यथा– समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी या जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी को आवंटित करें।
- **प्राथमिकता के आधार पर बड़े बकायदारों से राशि की वसूली** :– सभी नोडल पदाधिकारियों एवं नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि नीलाम पत्र वादों से सम्बन्धित मामलों की त्वरित सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर कर **पहले बड़े–बड़े बकायेदारों से बकाया राशि की नियमानुसार वसूली की जाए।** बाद में छोटे–छोटे बकायेदारों से भी राशि की वसूली करने की कार्रवाई की जाए।
- इन सभी 554 वादों की सूची, सुनवाई की प्रगति, वसूली इत्यादि के विवरण के साथ आयुक्त कार्यालय, सारण प्रमंडल, छपरा को समर्पित करें।
- 1 लाख से 10 लाख के बीच के वादों की संख्या 45342 (58.20 %) है। इन सभी वादों को भी वरीय उप समाहर्त्ता/जिला एवं अनुमंडल स्तर के पदाधिकरियों को आवंटित कर समीक्षा करें।
- शेष वादों की संख्या 32014 (41.09 %) है। इन वादों को कनीय अधिकारियों को आवंटित कर वादों के निष्पादन में प्रगति ला सकते है। गोपालगंज के डाटा में शून्य प्रदर्शित है, जो गलत प्रतीत होता हैं। समीक्षा कर सुधार करें।

**(iii) विभागवार/बैंकवार प्रतिवेदन :–**

सभी जिला नीलाम पदाधिकारी/ADM (राजस्व) को विभागवार/बैंकवार प्रतिवेदन अपने जिलान्तर्गत सभी स्तर के नीलाम पत्र पदाधिकारियों का समेकित कर निम्न प्रपत्र में **दिनांक– 17.10.2024** तक भेजने का निदेश दिया गया, ताकि किन विभागों/बैंको के वादों की संख्या सन्निहित राशि के अनुसार समन्वय कर समीक्षा एवं निष्पादन आसानी से किया जा सकता है।

**अधियाची विभाग वार/बैंक वार लंबित राशि का विवरणो :–**

| | क्र० सं० | अधियाची विभाग का नाम | जिला का नाम | | | | | | प्रमंडल का कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सारण | | सीवान | | गोपालगंज | | | | |
| | | | कुल वादों की सं० | सन्निहित (वसूलनीय) राशि | कुल वादों की सं० | सन्निहित (वसूलनीय) राशि | कुल वादों की सं० | सन्निहित (वसूलनीय) राशि | कुल वादों की सं० | सन्निहित (वसूलनीय) राशि | प्रतिशत |
| | 1 | वाणिज्य कर | 4 | 1080.28 | 4 | 20.52 | 0 | 0 | 8 | 1100.8 | 6.10% |
| | 2 | परिवहन | 5 | 39.47 | 425 | 353.14 | 0 | 0 | 430 | 392.61 | 2.17% |
| | 3 | निबंधन | 38 | 149.63 | 2 | 1.74 | 529 | 1092.4 | 569 | 1243.77 | 6.89% |
| | 4 | खनन | 2751 | 1532.78 | 944 | 870.45 | 292 | 517.95 | 3987 | 2921.18 | 16.18% |
| | 5 | विद्युत | 204 | 279.23 | 293 | 65.11 | 20 | 246.04 | 517 | 590.38 | 3.27% |
| A | 6 | उत्पाद कर | 370 | 225.25 | 141 | 189.84 | 16 | 110.66 | 527 | 525.75 | 2.91% |
| | 7 | RGSY | | | 150 | 304.93 | | | 150 | 304.93 | 1.69% |
| | 8 | मत्स्य | | | 20 | 6.24 | | | 20 | 6.24 | 0.03% |
| | 9 | राज्य वित्त निगम | | | 2 | 1130.63 | | | 2 | 1130.63 | 6.26% |
| | 10 | बाजार समिति | | | 2 | 0.86 | | | 2 | 0.86 | 0.00% |
| | 11 | विकास | | | 3 | 1.14 | | | 3 | 1.14 | 0.01% |
| | 12 | खादी बोर्ड | | | 5 | 1.6 | | | 5 | 1.6 | 0.01% |
| | 13 | श्रम प्रवर्तन | | | 47 | 10.61 | | | 47 | 10.61 | 0.06% |
| | 14 | इन्दिरा आवास | | | 70 | 238.83 | | | 70 | 238.83 | 1.32% |
| | 15 | क्लेम | | | 4 | 0.88 | | | 4 | 0.88 | 0.00% |
| | 16 | भू-अर्जन | | | 1 | 10.41 | | | 1 | 10.41 | 0.06% |
| | 17 | DRCC | | | 369 | 520.74 | | | 369 | 520.74 | 2.88% |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | अन्य | 2288 | 5128.72 | 357 | 3787.35 | 18 | 137.71 | 2663 | 9053.78 | 50.15% |
| **Sub Total** | | | 5660 | 8435.36 | 2839 | 7515.02 | 875 | 2104.76 | 9374 | 18055.14 | 100.00% |
| B | **क्र० सं०** | **बैंक का नाम** | | | | | | | 0 | 0 | **प्रतिशत** |
| | **1** | SBI | 11718 | 13173.83 | 5321 | 3284.59 | 3292 | 5547.97 | 20331 | 22006.39 | 28.22% |
| | 2 | PNB | 3158 | 5119.73 | 1132 | 866.35 | 127 | 405.39 | 4417 | 6391.47 | 8.20% |
| | 3 | CBI | 2287 | 4174.92 | 388 | 476.85 | 989 | 2205.99 | 3664 | 6857.76 | 8.80% |
| | 4 | BOI | 1115 | 1307.82 | 1889 | 2532.53 | 494 | 1187.19 | 3498 | 5027.54 | 6.45% |
| | 5 | BOB | 253 | 398.92 | 36 | 71.88 | 296 | 643.35 | 585 | 1114.15 | 1.43% |
| | 6 | UBG | 4815 | 9987.92 | 1254 | 3977.5 | 3848 | 8104.89 | 9917 | 22070.31 | 28.30% |
| | 7 | INDIAN BANK | 310 | 465.05 | 236 | 544.37 | 34 | 97.34 | 580 | 1106.76 | 1.42% |
| | 8 | CANRA BANK | 2932 | 3941.61 | 3554 | 3647.06 | 922 | 1442.73 | 7408 | 9031.4 | 11.58% |
| | 9 | UNION BANK | 305 | 916.72 | 172 | 308.41 | 201 | 401.61 | 678 | 1626.74 | 2.09% |
| | 10 | UNITED BANK | 0 | 0 | 3 | 6.73 | 0 | 0 | 3 | 6.73 | 0.01% |
| | 11 | अन्य | 198 | 353.27 | 194 | 272.22 | 1337 | 2108.56 | 1729 | 2734.05 | 3.51% |
| **Sub Total** | | | 27091 | 39839.79 | 14179 | 15988.49 | 11540 | 22145.02 | 52810 | 77973.3 | 100.00% |
| C | **क्र० सं०** | **सहकारी / सहकारी बैंक का नाम** | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | **प्रतिशत** |
| | **1** | DISTRICT CO-OPERATIVE BANK | 4840 | 609.93 | 241 | 983.47 | 0 | 0 | 5081 | 1593.4 | |
| | 2 | LAND DEVELOPMENT BANK | 447 | 460.49 | 0 | 0 | 0 | 0 | 447 | 460.49 | |
| | 3 | - | | | | | | | 0 | 0 | |
| | 4 | - | | | | | | | 0 | 0 | |
| | 5 | - | | | | | | | 0 | 0 | |
| | 6 | **अन्य** | | | | | | | 0 | 0 | |
| **Sub Total** | | | 5287 | 1070.42 | 241 | 983.47 | 0 | 0 | 5528 | 2053.89 | |
| D | **क्र० सं०** | **PSU एवं अन्य संस्थानों का नाम** | | | | | | | 0 | 0 | **प्रतिशत** |
| | **1** | - | | | | | | | 0 | 0 | |
| | 2 | - | | | | | | | 0 | 0 | |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | - | | | | | | | 0 | 0 | |
| | 4 | - | 0 | | | | | | 0 | 0 | |
| | 5 | - | | | | | | | 0 | 0 | |
| | 6 | **अन्य** | | | | | | | 0 | 0 | |
| **Sub Total** | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| **Grand Total** | | | **38038** | **49345.57** | **17259** | **24486.98** | **12415** | **24249.78** | **67712** | **98082.33** | |

- डाटा की प्रविष्टि सही शीर्ष में करें। जैसे– A ग्रुप में सिर्फ सरकारी विभागों का, B ग्रुप में बैंकों का, C ग्रुप में सहकारी बैंकों का एवं D ग्रुप में PSU आदि संस्थानों से संबंधित डाटा की प्रविष्टि करें।
- A ग्रुप में **खनन (16.18 %), वाणिज्य कर (6.10 %), निबंधन (6.89 %),** के मामले सबसे अधिक लम्बित हैं। अतः इन वादों को त्वरित गति से निष्पादन/गहन समीक्षा करने की आवश्यकता है।
- प्रायः सभी जिलों ने राज्य वित्त निगम/खाद्य निगम की प्रविष्टि विभागों की सूची (ग्रुप–A) में दर्ज कर दी गयी है। इसे सुधार कर ग्रुप C में प्रविष्टि करें।
- सारण प्रमंडल, छपरा में सभी जिलों द्वारा ग्रुप A के क्रमांक–18 में अंकित **अन्य** कॉलम में बड़ी संख्या में लम्बित वादों को दर्शाया गया है, जो 50 % से अधिक है। जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह मामला किन विभागों से संबंधित है। अतः गहन समीक्षा कर विभागों का पता लगाते हुए गूगलशीट में विभागवार लम्बित वादों की प्रविष्टि करें।

| क्र0 सं | बैंक का नाम | सारण | | सीवान | | गोपालगंज | | प्रमंडल | | बैंकों की कुल राशि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल वाद की संख्या | सन्निहित राशि (वसूलनीय राशि) | कुल वाद की संख्या | सन्निहित राशि (वसूलनीय राशि) | कुल वाद की संख्या | सन्निहित राशि (वसूलनीय राशि) | कुल वाद की संख्या | सन्निहित राशि (वसूलनीय राशि) | |
| **1** | UBG | 4815 | 9987.92 | 1254 | 3977.5 | 3848 | 8104.89 | 9917 | 22070.31 | **28.30%** |
| 2 | SBI | 11718 | 13173.83 | 5321 | 3284.59 | 3292 | 5547.97 | 20331 | 22006.39 | **28.22%** |
| 3 | CANRA BANK | 2932 | 3941.61 | 3554 | 3647.06 | 922 | 1442.73 | 7408 | 9031.4 | **11.58%** |
| 4 | CBI | 2287 | 4174.92 | 388 | 476.85 | 989 | 2205.99 | 3664 | 6857.76 | **8.80%** |
| 5 | PNB | 3158 | 5119.73 | 1132 | 866.35 | 127 | 405.39 | 4417 | 6391.47 | **8.20%** |
| 6 | BOI | 1115 | 1307.82 | 1889 | 2532.53 | 494 | 1187.19 | 3498 | 5027.54 | **6.45%** |
| 7 | अन्य | 198 | 353.27 | 194 | 272.22 | 1337 | 2108.56 | 1729 | 2734.05 | **3.51%** |
| 8 | UNION BANK | 305 | 916.72 | 172 | 308.41 | 201 | 401.61 | 678 | 1626.74 | **2.09%** |
| 9 | BOB | 253 | 398.92 | 36 | 71.88 | 296 | 643.35 | 585 | 1114.15 | **1.43%** |
| 10 | INDIAN BANK | 310 | 465.05 | 236 | 544.37 | 34 | 97.34 | 580 | 1106.76 | **1.42%** |
| 11 | UNITED BANK | 0 | 0 | 3 | 6.73 | 0 | 0 | 3 | 6.73 | **0.01%** |
| **Total** | | 27091 | 39839.8 | 14179 | 15988.5 | 11540 | 22145 | 52810 | 77973.3 | **100.00%** |

- बैंको के वाद– ग्रुप B में UBG (28.30 %) एवं SBI (28.22 %) सबसे अधिक वाद लम्बित है। जिसे त्वरित गति से निष्पादन करने की आवश्यकता है। बैंको के लम्बित मामलों के लिए जिलों के LDM तथा संबंधित बैंकों के NPA(Non Peroforming Assets) के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक करें। वाट्स–अप ग्रुप बनाकर भी समन्वय करें।
- एक बैंक के वाद यथा संभव एक–दो अधिकारियों (वादों की संख्या अधिक होने पर अन्य पदाधिकारियों) को ही आवंटित करें, ताकि उचित समन्वय हो सके।
- नीलाम पत्र पदाधिकारी जो बैंक/विभाग के वादों को सुनते है, एक दिन की सुनवाई में एक साथ एक बैंक/विभाग के वादों को ही सुनवाई हेतु रखें, ताकि बैंक/विभाग की तरफ से नोडल अधिकारी/कर्मी/अधिवक्ता को पक्ष रखने में आसानी हो। इसी प्रकार पंजी 9 एवं 10 का मिलान, नोटिस तामिला, अन्य फॉरम में वाद के निष्पादन की जानकारी, तलवाना की राशि जमा कराना इत्यादि सुलभ हो सके।

## (iv) पदाधिकारीवार प्रतिवेदन (Top-20)

### पदाधिकारीवार (Top-20) नीलाम पत्र वादों की सूची :–

| List of Officers -Who are Allocated Maximum Number of Certificate Cases | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | जिला का नाम | प्रथम 20 नीलाम पत्र पदाधिकारियों का नाम/ पदनाम | | | लंबित वादों की संख्या | लंबित वादों में सन्निहित राशि | आभियुक्ति |
| | | क्र सं० | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | | | |
| 1 | सारण | 1 | SHRI LAXMAN TIWARI | SDO, SADAR, CHAPRA | 4869 | 6530.42 | |
| | | 2 | SHRI HARISHANKAR KUMAR | DISTRICT CO-OPERATIVE OFFICER | 4840 | 609.93 | |
| | | 3 | SHRI PRIYAVRAT RANJAN | DCLR, SADAR CHAPRA | 4230 | 3216.22 | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | SHRI SAURABH ABHISHEK | CO, MANJHI | 1498 | 145.09 | |
| | | 5 | MRS KUMARI ANCHAL | CO, SADAR | 1429 | 167.86 | |
| | | 6 | SHRI DINANATH KUMAR | CO, BANIYAPUR | 1388 | 287.33 | |
| | | 7 | DR. PRERNA SINGH | SDO, MARHOWRAH | 1270 | 1619.08 | |
| | | 8 | SHRI MITHU PRASAD | CO, DARIYAPUR | 1234 | 90.81 | |
| | | 9 | SHRI RAHUL KUMAR | CO, EKMA | 1134 | 302.89 | |
| | | 10 | SHRI MANOHAR KUMAR SAHU | DCLR, MARHOWRAH | 1125 | 869.95 | |
| | | 11 | SHRI KARUN KARAN | CO, ISUAPUR | 873 | 162.69 | |
| | | 12 | MRS ADITI SHRUTI | CO, SONPUR | 809 | 66.83 | |
| | | 13 | SHRI CHANDAN KUMAR | CO, PARSA | 798 | 11.33 | |
| | | 14 | MD. QAMAR ALAM | DSO, SARAN | 767 | 2582.22 | |
| | | 15 | SHRI NARENDRA KUMAR SHING | DISTRICT PANCHAYAT RAJ OFFICER | 762 | 3073.03 | |
| | | 16 | SHRI KAYUM ANSARI | DIRECTOR, DRDA | 746 | 2794.91 | |
| | | 17 | SHRI SUMAN KUMAR | DISTRICT LAND ACQUISITION OFFICER | 742 | 2963.92 | |
| | | 18 | SHRI MANISH KUMAR | SDC, SARAN | 730 | 2418.49 | |
| | | 19 | MRS RASHMI KUMAR | SDC, SARAN | 697 | 2251.16 | |
| | | 20 | MRS NIPUN KUMARI | SDC, SARAN | 674 | 3347.34 | |
| कुल | | | | | 30615 | 33511.5 | 0 |
| 2 | सीवान | 1 | RAVI SHEKHAR | CO, Siwan | 2098 | 360.24 | |
| | | 2 | ANAND KUMAR | SDC, Siwan | 1540 | 2615.24 | |
| | | 3 | SEEMA KUMAR | DSO | 1154 | 3784.44 | |
| | | 4 | SUNIL KUMAR | SDO, Siwan | 958 | 5001.38 | |
| | | 5 | SAHBAZ KHAN | DCLR, Siwan | 948 | 1504.58 | |
| | | 6 | HEMENDRA KUMAR | CO, Ziradei | 798 | 112.80 | |
| | | 7 | RAHUL KUMAR | CO, Mairwa | 792 | 88.42 | |
| | | 8 | NEELAM KUMARI | CO, Andar | 702 | 88.20 | |
| | | 9 | RAVI RANJAN | DTO | 581 | 710.05 | |
| | | 10 | MD. SARFARAJ AHMAD | CO, Barharia | 580 | 99.73 | |
| | | 11 | VIKAS KUMAR | SDOPGRO, Siwan | 553 | 773.98 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 12 | SUMAN KUMAR SINGH | DCO, Siwan | **525** | **1034.31** | |
| | | 13 | ANAND KUMAR | DCLR, Maharajganj | **492** | **915.66** | |
| | | 14 | AMIT KUMAR | CO, Pachrukhi | **446** | **95.07** | |
| | | 15 | SHOHAIL AHMAD | Deputy Election Officer, Siwan | **425** | **1038.79** | |
| | | 16 | HIMANSHU KUMAR | ADSS, Siwan | **400** | **406.44** | |
| | | 17 | VIKAS KUMAR | CO, Guthani | **399** | **26.04** | |
| | | 18 | ANAD KUMAR | SDOPGRO, Maharajganj | **368** | **522.8** | |
| | | 19 | PUNAM DIKSHIT | CO, Daraundha | **349** | **59.85** | |
| | | 20 | ANIL KUMAR | SDO, Maharajganj | **287** | **355.58** | |
| **कुल** | | | | | **14395** | **19593.60** | **0** |
| 3 | **गोपालगंज** | 1 | SRI MANKESHWAR KUMAR | **D.C.O** | **12340** | **29039.56** | |
| | | 2 | DR. PRADIP KUMAR | **S.D.O (GOPALGANJ SADAR)** | **3880** | **4998.01** | |
| | | 3 | SRI ABHISHEK KUMAR CHANDAN | **S.D.O (HATHUA)** | **1705** | **1194.5** | |
| | | 4 | SRI SANJEEV KUMAR SINGH | **D.L.A.O** | **206** | **450.61** | |
| | | 5 | SRI FAIZAN SERVER | **D.C.L.R GOPALGANJ** | **673** | **206.69** | |
| | | 6 | SRI BALWANT KUMAR | **MINING OFFICER** | **1096** | **320.97** | |
| | | 7 | GANDHARI PASWAN | **SAHKARITA OFFICER** | **25** | **96.61** | |
| | | 8 | SRI BIRBAL KUMAR | **C.O, PHULWARIA** | **178** | **29** | |
| | | 9 | SRI ANUBHAO RAI | **C.O, BHORE** | **50** | **14.51** | |
| | | 10 | SRI GAUTAM KUMAR SINGH | **C.O, BAIKUNTPUR** | **76** | **31** | |
| | | 11 | SRI RAVI BHUSHAN GAURAV | **C.O, THAWE** | **247** | **52.87** | |
| | | 12 | SRI MD GULAM SERVER | **CO, GOPALGANJ** | **629** | **224.72** | |
| | | 13 | SMT. SUJATA RAJ | **CO KATEYA** | **758** | **26.33** | |
| | | 14 | SRI TARUN KUMAR RANJAN | **CO PACHDEWARI** | **18** | **7.4** | |
| | | 15 | SMT. PRITI LATA | **CO SIDHWALIA** | **5** | **1.24** | |
| | | 16 | SRI PRASHANT KUMAR | **CO BARAULI** | **9** | **2.39** | |
| | | 17 | SRI BHOGENDRA YADAV | **CO HATHUA** | **51** | **13.78** | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 18 | SRI MUNNA KUMAR | **CO MAJHA** | **120** | **29.35** | |
| | | 19 | SRI MANI BHUSHAN | **CO KUCHAIKOTE** | **5** | **0.3476** | |
| | | 20 | SRI BIKESH KUMAR | **CO UCHKAGAO** | **849** | **179.65** | |
| **कुल** | | | | | **22920** | **36919.5376** | **0** |
| **प्रमंडल का कुल** | | | | | **67930** | **90024.6376** | **0** |

- **Rationalisation of Cases Alloted to Officers: -** समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सारण जिला में तीन पदाधिकारियों को 4000 (चार हजार) से अधिक वाद आवंटित है। इस सम्बन्ध में समाहर्त्ता अपने स्तर से सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को उनके कार्यभार, दक्षता, वरीयता, **Performance** एवं उनके पास उपलब्ध संसाधन को ध्यान में रखकर **Rationalise** करके वादों को आवंटित करेंगे।
- ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित कर आवंटित वादों की संख्या को घटाते हुए समानुपातिक मात्रा में वादों को आवंटित किया जाय, जिससे की वादों के निष्पादन में गति आये।
- **Follow Principles of Natural Justice :-** यह भी मामला प्रकाश में आया है कि जिस विभाग से संबंधित नीलाम पत्र वाद लंबित है, प्रायः वैसे ही पदाधिकारियों को उस विभाग के नीलाम पत्र वादों के निष्पादन हेतु नीलाम पत्र पदाधिकारी की शक्ति प्रदत्त की गयी है। **It is tantamount to one being a judge in ones own cause,** यह न्याय के नैसर्गिक सिद्वांत के अनुरूप नहीं है। इसलिए एक विभाग मामले किसी अन्य विभाग पदाधिकारी को सुनवाई हेतु आवंटित किया जाना चाहिए।

**(v) 10% से अधिक वसूली करने वाले पदाधिकारी** :–

समीक्षा के क्रम में नीलाम पत्र वादों में बेहतर वसूली कार्य करने वाले सिवान जिला में पदस्थापित श्री आनन्द कुमार, वरीय उपसमाहर्त्ता की अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रशंसा व्यक्त करते हुए अन्य पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों के वसूली कार्य में तीव्रता लाने का निदेश दिया गया, साथ ही सारण एवं गोपालगंज जिला द्वारा आँकड़ा प्रस्तुत नहीं करने पर दिनांक– 17.10.2024 तक वैसे पदाधिकारियों को चिन्हित कर प्रतिवेद उपलब्ध कराने का निदेश दिया गयाः–

जिला–सिवानः–

| क्रं० सं० | नीलाम पत्र पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | अद्यतन लंबित वादों की संख्या एवं सन्निहित राशि | | कुल वसूली गयी राशि | वसूली का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | वादों की संख्या | राशि | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ANAND KUMAR, SDC | 492 | 915.66 | 305.25 | 24.91 |
| 2 | ANIL KUMAR, SDO MAHARAJGANJ | 287 | 335.58 | 74.42 | 18.15 |
| 3 | VIKAS KUMAR, SDC | 263 | 516.36 | 111.14 | 17.71 |
| 4 | NAVNEEL KUMAR, ADM APDA | 277 | 626.37 | 90.93 | 12.59 |
| 5 | UPENDRA PRASAD SINGH, ADM | 26 | 1698.7 | 200.72 | 10.57 |
| **Total** | | **1345** | **4092.67** | **782.46** | |

- इन सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया गया विशेषकर श्री आनंद कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, सीवान जिन्होंने लगभग 25 % राशि वसूल किया गया। साथ ही अन्य सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को भी नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में तीव्रता लाने का निदेश दिया गया।
- अन्य जिलों यथा– सारण एवं गोपालगंज से प्रतिवेदन अप्राप्त।

**2. नीलाम पत्र वाद/अन्य वादों से सम्बन्धित अन्य निदेश :-**

**(i) लंबित नीलाम पत्र वादों की सुनवाई एवं निष्पादन** :– नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में अबतक की प्रगति पर आयुक्त द्वारा **असंतोष** व्यक्त किया गया। नीलाम पत्र वादों की प्रगति में तीव्रता लाये जाने हेतु सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि प्रत्येक नीलाम पत्र पदाधिकारी अपने न्यायालय में सन्निहित वादों में से **40 बड़े मामलों की सूची सन्निहित राशि के अवरोही क्रम में (Descending order of amount)** में तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार सभी प्रक्रिया पूर्ण कर सुनवाई करेंगे और मामलों का शीघ्र निष्पादन करेंगे। **आदेश फलक में सिर्फ तिथि पर तिथि नहीं देंगे।**

**(ii) नीलाम पत्र वादों की समीक्षा बैठक :–**

- **समाहर्त्ता के स्तर पर बैठक** :– नीलाम पत्र वादों के त्वरित निष्पादन के सम्बन्ध में समाहर्त्ता के स्तर पर राजस्व संग्रहण से जुड़े विभाग/बैंको (अधियाची विभागों)/LDMs के साथ एक बैठक आयोजित किये जाने हेतु सभी ADMs को निदेशित किया गया।
- जिला स्तर पर समाहर्त्ता/अपर समाहर्त्ता सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों के साथ वादों के निष्पादन हेतु नियमित रूप से समीक्षा करेंगे
- सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि वे अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत नीलाम पत्र पदाधिकारियों यथा– अंचलाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी जिन्हें नीलाम पत्र पदाधिकारी की शक्ति पदत्त की गई है, उनके साथ नीलाम पत्र वादों की सुनवाई में तेजी लाये जाने हेतु नियमित रूप से समीक्षा करेंगे।

**(iii) अधियाची विभाग/पदाधिकारियों का सहयोग** :– सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में प्रगति लाये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए वे सभी सम्बन्धित अधियाची पदाधिकारियों का सहयोग यथा पंजी–09 एवं 10 का मिलान, नोटिस का तामिला, वारंट के क्रियान्वयन हेतु वाहन, **speedpost** से भी नोटिस का तामिला करवा कर, ऑनलाईन **TR (Track Report)** जमा कराना, तलवाना की राशि जमा करवाना, इत्यादि में सहयोग प्राप्त कर मामलों का निष्पादन करेंगे।

(अनुपालनः– सभी अधियाची विभागों/बैंकों के नोडल पदाधिकारी)

**(iv) नीलाम पत्र पदाधिकारियों को शक्ति पदत्त कराना:–**

आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा के स्तर से नीलाम पत्र पदाधिकारी की शक्ति प्रदत्त किये गये पदाधिकारियों की संख्या जिलावार निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | जिला | शक्ति प्रदत्त पदाधिकारियों की सख्या | शक्ति प्रदत्त पत्रों की विवरणी |
|---|---|---|---|
| 1 | सारण | (63+29)=92 | इस कार्यालय का ज्ञापांक–990, दिनांक–27.04.2024 एवं ज्ञापांक–1729, दिनांक–06.08.2024 एवं दिनांक 09.10.2024 को 29 पदाधिकारियों को नीलाम पत्र पदाधिकारी की शक्ति प्रदत की गयी। |
| 2 | सीवान | 77 | इस कार्यालय का ज्ञापांक–989 दिनांक–27.04.2024 एवं ज्ञापांक–1949, दिनांक–09.09.2024 |
| 3 | गोपालगंज | 54 | इस कार्यालय का ज्ञापांक–1369 दिनांक–27.06.2024, ज्ञापांक–1753, दिनांक–09.08.2024 एवं ज्ञापांक–2168, दिनांक–28.09.2024 |
| **कुल** | | **223** | |

- जिला में बहुत से अधिकारी पदस्थापित है एवं उनके पास कार्यभार भी अधिक नहीं है, ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित कर नीलाम पत्र पदाधिकारी की शक्ति हेतु अनुशंसा करें। उन्हें प्रशिक्षण देते हुए उनकी दक्षता/संसाधन के आलोक में वाद आवंटित करें।

**(v) स्थानान्तरित पदाधिकारी को आवंटित वाद** :– किसी नीलाम पत्र पदाधिकारी के स्थानान्तरण के तुरन्त बाद ही उनके प्रतिस्थानी या अन्य पदाधिकारी को वाद तुरन्त हस्तान्तरण करें। आवंटन में विलम्ब के कारण भी अप्रत्याशित विलम्ब होता है। यदि शक्ति प्रदत्त कराना हो तो तुरंत प्रस्ताव दें। इसकी जानकारी अधियाची विभाग/बैंक/पदाधिकारी को भी दें।

**(vi) नीलाम पत्र वादों के निष्पादन हेतु नोटिस का तामिला** :– अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि जिनके विरूद्ध नीलाम पत्र किया गया हो उनको नियमानुसार व्यक्तिगत रूप से तथा स्पीड पोस्ट या निबंधित डाक, अधियाची पदाधिकारी/विभाग/बैंक या पुलिस से वादों की सुनवाई हेतु नोटिस का तामिला करावें तथा बड़े मामले में सभी (Mode) ( पदाधिकारी– In Person या Speed Post, etc) तामिला कराते हुए उसका साक्ष्य अभिलेख में रक्षित करावें, नियमानुसार न्यूनतम 1 माह की अवधि का नोटिस दें।

**(vii) पुलिस का सहयोग/नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति** :–

सभी पुलिस अधीक्षक, सारण प्रमंडलान्तर्गत जिला स्तर, अनुमंडल स्तर एवं थाना स्तर पर Distress Warrant/Body Warrant के तामिला एवं क्रियान्वयन के समन्वय/प्रतिवेदन हेतु एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त करें जो जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, SDM एवं CO स्तर से समन्वय करेंगे एवं ससमय तामिला करवाकर निष्पादन में सहयोग करेंगे। यदि कहीं पुलिस बल की आवश्यकता हो तो वह भी ससमय उपलब्ध करायेंगे।

**(viii) वादों के सुनवाई में होने वाले कठिनाई एवं सुझाव** :–

- नीलाम पत्र पदाधिकारियों द्वारा वादों की सुनवाई में आने वाले कठिनाईयों के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि नीलाम पत्र वादों के निष्पादन के दौरान संसाधन की कमी के कारण पत्रों का तामिला कराने में कठिनाई होती है। इस सम्बन्ध में निदेश दिया गया कि सम्बन्धित **अधियाची विभाग/बैंक के पदाधिकारी नीलाम पत्र वादों की सुनवाई के क्रम में नोटिस का तामिला कराने में अपेक्षित सहयोग करेंगे।** साथ ही वादों की सुनवाई के दिन वे स्वयं या मामलें के जानकार किसी अन्य पदाधिकारी को सुनवाई में सहयोग किये जाने हेतु प्रतिनियुक्त करेंगे। यह भी निदेश दिया गया कि **रजिस्टर–9 एवं 10 का मिलान नियमित रूप से करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।** इस सम्बन्ध में सभी अधियाची विभाग के पदाधिकारियों को सूचित करने का निदेश दिया गया।

- **चेक लिस्टः**— आवश्यकतानुसार वाद के निष्पादन में चेक लिस्ट (जैसे— वाद दायर करने की तिथि/वाद संख्या/सन्निहित राशि/नोटिस निर्गत की तिथि/तामिला का साक्ष्य/Body Warrants/ Distress Warrants की स्थिति इत्यादि) का प्रयोग करें, इससे आदेश पारित करने में सुविधा होगी।

**(ix) अभियान चलाकर राजस्व वसूली** :— नीलाम पत्र के अलावे सारण प्रमंडल के अन्तर्गत सभी जिलों में राजस्व से सम्बन्धित विभाग यथा खनन, उत्पाद, परिवहन, निबंधन, वाणिज्य कर एवं विद्युत विभागों के राजस्व से सम्बन्धित मामलों में भी राजस्व की प्राप्ति ज्यादा से ज्यादा हो सके, इस हेतु सभी विभागों के द्वारा अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार राजस्व की वसूली करने एवं मामलों का निष्पादन करने का निदेश अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि राजस्व वसूली कार्य में लापरवाही नहीं बरती जाए। यदि किसी पदाधिकारी द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरती जाएगी तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**(x) आगामी बैठक से सम्बन्धित** :— अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा के क्रम में सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि अगली बैठक विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही सारण प्रमंडल के अन्तर्गत बारी—बारी से सभी जिला के नीलाम पत्र वादों एवं अन्य मामलों की समीक्षा की जाएगी। इस तरह प्रत्येक माह किसी एक जिला की उक्त सभी मामलों की समीक्षा की जाएगी। बैठक हेतु तिथि निर्धारित कर सम्बन्धित जिला को सूचना दी जाएगी। साथ ही सभी अपर समाहर्त्ता (राजस्व) से समय—समय पर वादों के निष्पादन के प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

(**xi**) **Google Sheet** के **PSU** कॉलम में भी डाटा दिनांक— 17.10.2024 तक भर लें।

(**xii**) गोपालगंज के प्रतिवेदन में कई विसंगतियॉ/डाटा तारत्मयता की कमी है। नव पदस्थापित समाहर्त्ता अपने स्तर से समीक्षा कर लें एवं आवश्यक हो तो दिनांक— 17.10.2024 तक संशोधन कर लें।

(**xiii**) **नोलाम पत्र वादों के नोडल पदाधिकारी** :— अपर समाहर्त्ता (राजस्व) को नीलाम पत्र वाद के संदर्भ में जिला नोडल पदाधिकारी की जिम्मेवारी दें, एवं सभी वादों ससमय निष्पादन, सभी ऑकड़ों संधारण, ससमय वादों का पदाधिकारी को आंवटन करना, अधियाची विभाग/बैंकों से समन्वय स्थापित करने की जिम्मेवारी दें।

**अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त को गयो।**

Gopal Meena Digitally signed by Gopal Meena Date: 2024.10.10 16:57:12 +05'30'

**आयुक्त,**

**सारण प्रमंडल, छपरा।**

**ज्ञापांक 2329, छपरा / दिनांक– 10.10.2024**

प्रतिलिपिः– प्रमंडलान्तर्गत सभी अपर समाहर्त्ता / सभी अनुमंडल पदाधिकारी / सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी / सभी सम्बन्धित पदाधिकारी / प्रशाखा पदाधिकारी, राजस्व प्रशाखा, आयुक्त कार्यालय, सारण प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी LDMs, सारण प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी प्रमुख बैंकों के NPA प्रभारी, सारण प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– उप निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सारण प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी पुलिस अधीक्षक, सारण प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी समाहर्त्ता, सारण प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– पुलिस उप–महानिरीक्षक, सारण प्रक्षेत्र, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अध्यक्ष–सह–सदस्य, राजस्व पर्षद्, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Gopal Meena
Digitally signed by Gopal Meena
Date: 2024.10.10 16:57:48 +05'30'

**आयुक्त,**
**सारण प्रमंडल, छपरा।**